कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-30.10.2024

विषयः- जानलेवा हमला करने के मुकदमे मे वांछित अभियुक्तगण 1-कयूम महतो व 2-इकलाख अहमद थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे, श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0171/2024 धारा 191(2),115(2),352,351(2),117(2),109 बी0एन0एस0 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्तगण 1- कयूम महतो पुत्र अब्दुल रहीम निवासी महमूदपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी व 2- इकलाख अहमद पुत्र कयूम महतो निवासी महमूदपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी को दिनांक-29.10.2024 को समय करीब 17.45 बजे अभियुक्तगण के घर महमूदपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मुकदमा उपरोक्त में दिनांक-09.10.2024 को 01 नफ़र अभियुक्त बेलाल अहमद को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

घटना का विवरण- दिनांक-09.09.2024 को वादी मुकदमा ने पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षीगण द्वारा वादी के भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से मार-पीट करने, जिससे वादी के भाई का हाथ टूट जाने व विपक्षीगण द्वारा जान से मारने की धमकी देने के संबंध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-0171/2024 धारा 191(2),115(2),352,351(2),117(2),109 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 अनुज शुक्ला द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1- कयूम महतो पुत्र अब्दुल रहीम निवासी महमूदपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी, उम्र 70 वर्ष।

2- इकलाख अहमद पुत्र कयूम महतो निवासी महमूदपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी, उम्र 23 वर्ष।

गिरफ्तारी दिनांक, समय व स्थान- दिनांक-29.10.2024 को समय करीब 17.45 बजे अभियुक्तगण के घर महमूदपुर थाना लोहता जनपद वाराणसी से।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-0171/2024 धारा 191(2),115(2),352,351(2),117(2),109 बी0एन0एस0 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अनुज शुक्ला थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 मोहन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 रविचन्द यादव लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 सुनील प्रसाद लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी